

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

## कियारा करेंगी बायोपिक में मीना कुमारी का रोल


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 200 ■ सोमवार 3 नवंबर 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# आज से 21 दिनों के लिए शहाड पुल बंद

- भारी यातायात जाम की आशंका
- आज से 23 नवंबर तक चलेगा काम
- 21 दिनों तक भारी वाहनों पर प्रतिबंध

**कल्याण.** कल्याण-मुरबाड रोड पर स्थित शहाड़ पुल मरम्मत के लिए 3 नवंबर से 21 दिनों के लिए बंद रहेगा, जिससे यात्रियों और छात्रों को भारी यातायात व्यवधान का सामना करना पड़ेगा। व्यस्त कल्याण-मुरबाद रोड का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए तीन सप्ताह मुश्किल भरे रहेंगे क्योंकि शहाड़ पुल 3 नवंबर से 21 दिनों के लिए वाहनों के आवागमन के लिए बंद रहेगा, जो तत्काल मरम्मत और डामरीकरण कार्य के लिए है। कल्याण, मुरबाद, अलेफाटा (नासिक-पुणे राजमार्ग), अहिल्यानगर (अहमदनगर) और आसपास के शहरों को जोड़ने वाला यह पुल, एम्बुलेंस, दमकल, पुलिस वाहन, ऑक्सीजन टैंकर और ग्रीन कॉरिडोर जैसी आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी वाहनों के लिए बंद रहेगा।



### यातायात पुलिस बल की विशेष टीमें होंगी तैनात

शहाड पुल पर एक लेन पर केवल बाइक, ऑटो और चार पहिया वाहनों को ही चलने की अनुमति होगी।
पुल पर बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।
कार्य के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस बल की विशेष टीमें तैनात की जाएँगी। यह जानकारी उल्हासनगर यातायात विभाग के निरीक्षक राजेश शिरसाट ने दी।

कल्याण-शहाड़-उल्हासनगर-मुरबाड़ राजमार्ग पर शहर की जीवनरेखा कहे जाने वाले शहाड़ फ्लाईओवर का कष्टदायक सफर आखिरकार खत्म होने वाला है। कई महीनों से दरारों और गड्ढों से ढके इस पुल पर जल्द ही नए तारकोल की परत चढ़ाई जाएगी। पुल का तारकोल कार्य 3 नवंबर से शुरू होगा और 23 नवंबर तक पूरा हो जाएगा.

लंबे समय से लंबित इस पुल की मरम्मत के लिए कई बैठकों और पत्राचार के बाद, 13 अक्टूबर को बेयरिंग बदलने का काम पूरा हो गया। दिवाली के दौरान यातायात बाधित होने से बचने के लिए सड़क का काम स्थगित कर दिया गया था। अब ठाणे के परिवहन उपायुक्त पंकज शिरसाट ने इस कार्य की अनुमति दे दी है और वास्तविक कार्य 3 नवंबर से शुरू होगा।

यह हालिया बंद 28 सितंबर से 15 अक्टूबर तक 15 दिनों के मरम्मत कार्य के बमुश्किल दो सप्ताह बाद हुआ है, जब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने बियरिंग बदले, जोड़ों को मजबूत किया और गड्ढों को ठीक किया। इन कार्यों के बावजूद, नीचे रेलवे पटरियों पर पानी का रिसाव और सड़क की सतह की खराब स्थिति के कारण अतिरिक्त रखरखाव की आवश्यकता पड़ी।

डीसीपी (यातायात) पंकज शिरसाट के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से मेसर्स संरचना कंपनी द्वारा किए जा रहे पुल के पुनर्निर्माण और डामरीकरण को पूरा करने के लिए नया ब्लॉक आवश्यक है।

### वैकल्पिक मार्ग इस प्रकार होंगे...

1) मालशेज से कल्याण आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को ठाणे ग्रामीण सीमा के मुरबाड स्थित डैम फाटा पर 'प्रवेश बंद' रहेगा.

**वैकल्पिक मार्ग** : ये वाहन डैम फाटा, बदलापुर रोड, बदलापुर पालेगांव नेवाली नाका, हाजीमलंग रोड, लोढ़ा पलावा/शिल डायघर रोड/पत्रीपुल, कल्याण होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर जाएँगे।

2) मुरबाड से शहाड ब्रिज होते हुए कल्याण जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों को ठाणे ग्रामीण सीमा के मुरबाड स्थित दहागांव फाटा (रायतागांव) पर 'प्रवेश बंद' किया जा रहा है।

**वैकल्पिक मार्ग** : इस दिशा के वाहन ठाणे ग्रामीण सीमा में दहागांव फाटा (रायतागांव) पर बाएँ मुड़ेंगे और वाहोली गांव, मांजर्ली, दहागांव, एरंजाड गांव, बदलापुर, पालेगांव, नेवाली नाका, हाजीमलंग रोड, लोढ़ा पलावा/शिल डायघर रोड/पत्रीपुल कल्याण होते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे।

3) कल्याण से मुरबाड जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों को कल्याण परिवहन उप-मंडल सीमा में दुर्गाडी पुल पर 'रोका' जा रहा है।

**वैकल्पिक मार्ग** : इस दिशा के वाहन दुर्गाडी पुल से दाएँ मुड़ेंगे और गोविंदवाड़ी बाईपास, नेवाली, पालेगांव, बदलापुर होते हुए मुरबाड की ओर अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे।(पत्रीपुल, चक्की नाका होते हुए)

इस वैकल्पिक मार्ग से भारी वाहनों का प्रवेश निर्दिष्ट अवधि के दौरान सुबह 6 :00 बजे से 11 :00 बजे तक और शाम 6 :00 बजे से रात 12 :00 बजे तक बंद रहेगा।

यह अधिसूचना 03/11/2025 को 00 :01 बजे से 23/11/2025 को 24 :00 बजे तक लागू रहेगी।

इसके अलावा, यह अधिसूचना यातायात नियंत्रण अधिसूचना पुलिस वाहनों, अग्निशमन विभाग, एम्बुलेंस, ग्रीन कॉरिडोर, ऑक्सीजन गैस वाहनों और अन्य आवश्यक सेवा वाहनों पर लागू नहीं होगी।

# अंबरनाथ में प्लेटफार्म 2-3 पर जाने के रास्ते बंद





- मुसाफिर, अपंग, वृद्ध परेशान
- पतरा लगाकर रास्ते बंद कर दिए गए

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मध्य रेल द्वारा पुराने पुल को तोड़ने के लिए नए पादचारी पुल से प्लेटफार्म को जोड़ने के लिए शहर पश्चिम में टिकट घर का जमीनी रास्ता बंद कर दिए जाने से एवं प्लेटफार्म एक से तीन तक जाने के लिए नए पादचारी पुल से दूरी सफर तय करने के कारण शहरवासी एवं रेल मुसाफिर बड़े परेशान हैं.

अगर शहर पश्चिम से मुसाफिरों को प्लेटफार्म नं. 3 पर जाना है, तो वहां से प्लेटफार्म की सीढ़ियां चढ़ कर जाना पड़ रहा है. या फिर मुसाफिरों को नए पादचारी पुल पर से होकर शहर पूर्व में शिवाजी चौक से होकर प्लेटफार्म क्र. 3 पर जाना पड़ रहा है. शहर पश्चिम में रेल टिकट घर, आरक्षण केंद्र का रास्ता भी पतरा लगाकर बंद कर दिए जाने से रेलवे की सीढ़ियों से चढ़कर जाना पड़ रहा है. वृद्धों, बच्चों एवं अपंगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पुराने पुल की पूर्व से सीढ़ियां तोड़कर पुल को ध्वस्त करने का काम किया जा रहा है. रेलवे द्वारा ये कार्य धीमी रफ्तार से हो रहा है. इन सीढ़ियों के चढ़ उतर में मुसाफिरों की कई ट्रेन छूट रही है. लोगों का कहना है कि स्टेशन रोड से टिकट घर का रास्ता बंद करने की जरूरत नहीं थी. नए कार्य को जल्द से जल्द पूरा करके, मुसाफिरों, वृद्धों, महिलाओं को आसान सहूलियत टिकट घर एवं प्लेटफार्म पर जाने का प्रबंध किया जाए.

# उल्हासनगर में क्रिकेट सट्टा रैकेट का भंडाफोड़

- चार गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया है कि खेल जगत का रोमांच अब अपराध जगत तक पहुँच गया है। पुलिस ने आधी रात को छापेमारी कर उल्हासनगर के कैंप नंबर 3 इलाके में चल रहे एक बड़े क्रिकेट सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में चार लोगों - मिनेश सतीशचंद्र जोशी, विजय नारायणदास मधानी, राजा और पंकज को रंगे हाथों पकड़ा गया।

यह छापेमारी 29 अक्टूबर को रामचंद्र भतीजा नगर के हीराघाट रोड स्थित बैरक नंबर 825, सेक्शन 17 में की गई। जाँच के दौरान, पुलिस को ऑलपैनलेक्स नामक एक ऑनलाइन ऐप के ज़रिए क्रिकेट सट्टा चलने के पुख्ता सबूत मिले।

आरोपी इस ऐप के ज़रिए अपने फायदे के लिए क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगा रहा था और दूसरों को भी इसमें शामिल करवा रहा था। इस मामले में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की जाँच कर रही है और इस रैकेट के पीछे की पूरी श्रृंखला का पता लगाने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। जाँच से पता चलेगा कि इस डिजिटल सट्टेबाज़ी नेटवर्क में और कितने लोग शामिल हैं।

# भगवान झूलेलाल पर टिप्पणी से सिंधी समाज आक्रोशित




- कार्रवाई की मांग

**उल्हासनगर।** छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल पर विवादित टिप्पणी को लेकर अब उल्हासनगर में भी शिकायत दर्ज की गई है। बघेल पर भगवान झूलेलाल, महाराजा अग्रसेन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। इससे सिंधी और अग्रवाल समाज में गहरा रोष है।

उल्हासनगर में कैलाश महेश सुखरामानी ने उल्हासनगर पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि भगवान झूलेलाल के खिलाफ की गई टिप्पणी से धार्मिक भावनाएं आहत



हुई हैं। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि अमित बघेल पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

पूरा मामला तब शुरू हुआ जब 26 अक्टूबर को रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने की घटना के बाद विरोध प्रदर्शन के दौरान बघेल ने कहा था, "अग्रसेन महाराज कौन है? चोर है या झूठा? पाकिस्तानी सिंधी क्या जानते हैं मछली वाले भगवान के बारे में।" इस बयान के बाद पूरे प्रदेश में सिंधी और अग्रवाल समाज ने कड़ा विरोध जताया और कई जिलों में उनके खिलाफ FIR दर्ज की गई।

FIR के बाद अमित बघेल ने बयान दिया कि वे अपने शब्दों के लिए माफी नहीं मांगेंगे। उनका कहना था कि "FIR से पहले चर्चा क्यों नहीं की गई? हम छत्तीसगढ़ महतारी के अपमान पर चुप नहीं बैठ सकते।" उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना छत्तीसगढ़ की शांति भंग करने की साजिश है। इस विवाद के चलते रायपुर, रायगढ़, सरगुजा और अब उल्हासनगर में भी समाज के लोगों ने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज कर दी है।

## हार्टअटैक से 32 वर्षीय युवक की मौत

**कल्याण.** खड़ेगोलावली क्षेत्र के आकाश गरुड़ (उम्र 32) का हृदयाघात से अचानक निधन हो गया है। मृतक आकाश के नाम पर लगभग 30 लाख का गृह ऋण था और उसकी मृत्यु के बाद ऋण का भार उसकी वृद्ध माँ पर आ गया है। परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य के चले जाने से परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। शिवसेना के पूर्व शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ और युवा सेना के मधुर म्हात्रे ने आकाश के परिवार को ढांढस बंधाया।

# वकील संघ आज करेगा कामकाज का बहिष्कार

- सुरक्षा कानून के लिए अदालती कार्यवाही में नहीं लेंगे हिस्सा

**कल्याण.** महाराष्ट्र में वकीलों पर हमलों की बढ़ती घटनाओं के बीच उनकी सुरक्षा का मुद्दा भी गरमा गया है। वकीलों पर हमलों के विरोध में और महाराष्ट्र सरकार से वकील सुरक्षा अधिनियम पारित करने की मांग को लेकर, कल्याण जिला न्यायालय वकील संघ ने सोमवार, 3 नवंबर को अदालती कार्यवाही से दूर रहने का फैसला किया है। इस फैसले से अदालती कार्यवाही बाधित होने की संभावना है।

कल्याण जिला न्यायालय वकील संघ के अध्यक्ष एडवोकेट प्रकाश जगताप और सचिव एडवोकेट चंद्रकांत वाघमारे ने कल्याण जिला न्यायालय के न्यायाधीशों को सूचित किया है कि



वकील सोमवार को अदालती कार्यवाही में भाग नहीं लेंगे। महाराष्ट्र सरकार को वकीलों पर बार-बार हो रहे इन हमलों को गंभीरता से लेना चाहिए। हमले के बाद ही सभी स्तरों पर विरोध प्रदर्शन होता है। उसके बाद, इस घटना को फिर से नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है।

एडवोकेट प्रकाश जगताप ने कहा कि चूंकि यह एक नियमित घटना है, इसलिए महाराष्ट्र सरकार ने इस विषय की महत्वपूर्ण सामग्री पर ध्यान आकर्षित करने के लिए एक पत्र लिखा है। महाराष्ट्र गोवा वकील परिषद के निर्देशानुसार, कल्याण कोर्ट वकील संघ ने वकील संरक्षण अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन की मांग के लिए यह निर्णय लिया है. उन्होंने जिला न्यायाधीश से यह भी अनुरोध किया है कि इस दिन किसी भी मामले में प्रतिकूल आदेश पारित न करें क्योंकि वकील अदालती कार्यवाही में भाग नहीं लेंगे।

# उल्हासनगर में तोड़फोड़

**उल्हासनगर.** कैंप 3 के भाऊ गोप बहरानी चौक इलाके में आधी रात को अज्ञात लोगों ने वाहनों में तोड़फोड़ की, जिससे नागरिकों में दहशत का माहौल है। इस घटना में 7 से 8 कारों, एक टेम्पो और 15 से 20 मोटरसाइकिलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचाए जाने की बात सामने आई है। स्थानीय नागरिकों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने के बाद, सेंट्रल पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची।

हालांकि तोड़फोड़ के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जाँच कर उपद्रवियों की पहचान करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की माँग की है। इस घटना से इलाके के नागरिकों में भय का माहौल है।

घटना के बाद, पुलिस ने इलाके



में वाहनों का निरीक्षण किया और पाया कि कई वाहनों की खिड़कियों पर पत्थर फेंके गए थे, जबकि कुछ के बोनट और दरवाजों पर गंभीर खरोंचें और क्षति पहुँची थी। इस तोड़फोड़ में हजारों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, कुछ युवक देर रात इलाके में घूमते देखे गए थे। पुलिस ने इस दिशा में भी जांच शुरू कर दी है।

## पुराने झगड़े को लेकर युवक की पिटाई

**अंबरनाथ.** जावसाई गांव के एक युवक की चार लोगों द्वारा पुराने झगड़े को लेकर पिटाई करने की घटना घटी। पिटाई से पहले, उन्होंने युवक को रस्सी से बांध दिया. अंबरनाथ (प.) में निदा शमशाद शेख (20) के घर के पास, आरोपी सबरुनिशा, उसके पति जमील, उसकी बहन के पति अजमल अबुल हुसैन और बहन ने पुराने झगड़े को लेकर शिकायतकर्ता के भाई के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसके बाद, आरोपी जिमल और अजमल अबुल हुसैन ने पीड़ित युवक को रस्सी से बांध दिया ताकि वह भाग न सके। इसके बाद, उन्होंने उसकी पिटाई की। इस संबंध में, निदा शेख की शिकायत पर अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में सभी चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# अंबरनाथ में अवैध धंधे जोरों पर

- 200 के करीब अवैध क्रिकेट टर्फ, ढाबे, जुआ अड्डे पुलिस के आशीर्वाद से
- जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त को दिया निवेदन

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ एवं ठाणे जिले के विविध शहरों में अनधिकृत बिना परवाना के लगभग 200 क्रिकेट, फुटबाल टर्फ के अलावा ढाबे, जुआ के अड्डों, पान टपरी, चायनीज टपरियां, पुलिस के आशीर्वाद से चलाई जा रही हैं. कानून व्यवस्था का प्रश्न गंभीर हो गया है. इस संदर्भ में सामाजिक कार्यकर्ता केवल विकमणी ने ठाणे जिलाधिकारी एवं



पुलिस आयुक्त को पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है. विकमणी द्वारा दिए गए निवेदन में बताया गया है कि अंबरनाथ परिसर में चिखलोली पाड़ा, डी मार्ट परिसर, टी जंक्शन, लोकनगरी, पालेगांव, बारकूपाड़ा, शिवमंदिर के पास व अन्य परिसर में बिना अनुमति क्रिकेट टर्फ, ढाबे, पान टपरियां बड़े पैमाने पर हैं. इन ठिकानों पर रात 3 से 5 बजे तक धींगामशती चलती है. ढाबों पर दारू, हुक्का, गांजा, चरस एवं नशीली चीजें खुलेआम बेची जा रही है. इन सब गैरकानूनी धंधों पर पुलिस प्रशासन एवं नपा प्रशासन दुर्लक्ष कर रहा है. ऐसा आरोप उन्होंने लगाया है. हफ्ता वसूली भी जोरों पर है. ऐसा शक उन्होंने जताया है. अंबरनाथ और ठाणे जिले में अवैध रूप से 30 फुट ऊंचा, 130x70 फुट के शेड में टर्फ बनाए जा रहे हैं. कुछ को अनुमति भी दी गई है. भविष्य में दुर्घटना हो गई तो उसका जिम्मेदार कौन होगा, ऐसा प्रश्न उन्होंने जिलाधिकारी ठाणे से किया है. अगर कानून व्यवस्था बिगड़ गई तो जिलाधिकारी, अंबरनाथ नगर परिषद जिम्मेदार रहेगी. अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन का इशारा विकमणी ने दिया है.

# दिव्यांगों को 6 लाख की धनराशि वितरित

**कल्याण.** कल्याण तालुका की सबसे बड़ी आबादी वाली म्हारल ग्राम पंचायत ने समुदायोन्मुखी और विकासोन्मुखी कार्यों की एक बेहतरीन मिसाल कायम की है। सरपंच नीलिमा म्हात्रे की पहल पर, क्षेत्र के 134 दिव्यांग लाभार्थियों को ग्राम पंचायत के माध्यम से पाँच-पाँच हज़ार रुपये की दर से कुल लगभग 6 लाख 70 हज़ार रुपये वितरित किए गए। इस पहल से दिव्यांग नागरिकों के चेहरों पर खुशी छा गई है और ग्राम पंचायत के कार्यों की हर स्तर पर सराहना हो रही है। ग्राम पंचायत की कुल आय का पाँच प्रतिशत दिव्यांगों के कल्याण के लिए उपयोग करना अनिवार्य है, जबकि वित्त आयोग के प्रावधानों के अनुसार, 10 प्रतिशत धनराशि महिला एवं बाल विकास के लिए है। इसी के अनुरूप, ग्राम पंचायत ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को निभाते हुए न केवल दिव्यांगों को आर्थिक सहायता प्रदान की, बल्कि आँगनवाड़ियों के लिए विभिन्न सामग्री भी उपलब्ध कराई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की माँग के अनुसार, कुकर, चूल्हा, बड़े बर्तन, अनाज भंडारण टैंक, पानी की टंकी, डिब्बे और बाल्टियाँ जैसी उपयोगी वस्तुएँ वितरित की गईं। सरपंच म्हात्रे द्वारा स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ताओं को सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए।

# अंबरनाथवासियों का घुट रहा दम

- अंबरनाथ एएमपी गेट, भीमनगर क्षेत्र में वायु प्रदूषण
- प्रदूषण का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में

**अंबरनाथ.** शहर में वायु प्रदूषण का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। शहर में कुछ रासायनिक कारखानों से रात में हवा में रासायनिक गैस छोड़े जाने के कारण, नागरिकों को क्षेत्र में वायु प्रदूषण का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। शुक्रवार, 31 अक्टूबर की रात भीमनगर, एएमपी गेट, नेहरू उद्यान क्षेत्र में भारी मात्रा में रासायनिक गैस फैल गई थी। इस धुएँ के कारण दृश्यता भी कम हो गई थी, जिससे नागरिकों को असुविधा हो रही थी। इससे पहले, बी केबिन रोड और आसपास के इलाकों में रासायनिक धुआँ फैलने के ऐसे ही मामले सामने आए थे। उस समय भी सड़क पर दृश्यता कम हो गई थी और नागरिकों को साँस लेने में कठिनाई हो रही थी।



इस संबंध में मीडिया में बार-बार खबरें प्रकाशित होने के बाद, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कुछ दिनों तक मोरीवली एमआईडीसी क्षेत्र में कुछ रासायनिक कारखानों पर नज़र रखी थी। इससे कुछ समय के लिए प्रदूषण में कमी आई थी। हालांकि, शुक्रवार रात को भीमनगर और एएमपी गेट क्षेत्र में रासायनिक गैस की समस्या फिर से शुरू हो गई।

दिलचस्प बात यह है कि नागरिकों ने यह भी देखा कि चुनावों की पृष्ठभूमि में कुछ राजनीतिक नेता अचानक इस मुद्दे पर सक्रिय हो गए। इसलिए, सवाल यह उठता है कि क्या नेताओं को चुनाव नजदीक आने तक शहर में प्रदूषण दिखाई नहीं देता है? कुछ नागरिकों ने नेताओं की अचानक जागृति पर संतोष भी व्यक्त किया।

इस बीच, हालांकि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी इस घटना के बाद रात में मौके पर पहुंचे, लेकिन जब तक वे पहुंचे, तब तक हवा से रासायनिक धुआं गायब हो गया था। इसलिए, प्रदूषण का मूल कारण या संबंधित कारखानों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। इसलिए, शहर में वायु प्रदूषण की समस्या अभी भी बनी हुई है, और नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दें।




**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### मुआवजे में मिले सिर्फ 3 रुपये

यह अजीब बात है कि एक तरफ राज्य सरकारें किसानों की हितैषी होने का दावा करती हैं, तो दूसरी ओर उनकी घोर उपेक्षा करती हैं। यह हाल तब है जबकि भारत को कृषि प्रधान देश माना जाता है और किसानों को अन्नदाता। पिछले कई वर्षों में किसानों की चुनौतियां बढ़ी हैं। कई राज्यों में उन्हें प्रकृति के कोप का सामना करना पड़ रहा है। सूखे की मार से लेकर बाढ़-बारिश और पाले से फसलों की बर्बादी बढ़ गई है। मगर राहत के नाम पर किसानों को जिस तरह की फौरी मदद दी जाती है, उससे कई बार तो व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की समझ और विवेक पर भी सवाल उठता है।

महाराष्ट्र के अकोला जिले में उनकी लापरवाही साफ दिखी, जहां भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत किसानों को महज तीन से इक्कीस रुपए दिए गए। यह राशि सचमुच उन अन्नदाताओं का मजाक था, जो अपने खेत-खलिहानों में रात-दिन पसीना बहा कर फसल उगाते हैं। स्वाभाविक रूप से किसानों ने इसे न केवल अपनी दुर्दशा का मजाक माना, बल्कि नाराजगी जताते हुए जिला कलेक्टर के कार्यालय में जाकर सहायता राशि के चेक लौटा दिए। सवाल है कि फसलों का लागत-मूल्य पता लगाने और उसका वास्तविक आकलन करके किसानों को सहायता राशि देने की जिम्मेदारी किसकी थी? गौरतलब है कि हरियाणा से लेकर पंजाब और महाराष्ट्र तक किसानों को बाढ़ और बारिश का सामना करना पड़ा है। इन राज्यों में राहत के लिए उठाए गए कदमों से ज्यादातर किसान संतुष्ट नहीं दिखते। महाराष्ट्र के नागपुर में फसलों के नुकसान का मुआवजा और संपूर्ण कर्ज माफी तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए किसानों को आंदोलन करना पड़ा है।

हैरत है कि इस पूरे परिदृश्य के बीच किसानों के बैंक खाते में इतनी न्यूनतम राशि किस आधार पर जमा कराई गई। क्या राज्य सरकार ने भारी बारिश से हुए फसलों के नुकसान का वास्तविक आकलन नहीं कराया था? अकोला जिले में सितंबर में हुई बारिश से फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। ऐसे में इतनी छोटी राशि देकर न केवल किसानों की उपेक्षा की गई, बल्कि उनके श्रम का भी अपमान किया गया है।

# विचार : सरदार पटेल की विरासत संजोते मोदी

भारत को जब 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता मिली, तब अंग्रेज एक खंडित उपमहाद्वीप छोड़ गए। विभाजन के आघात के साथ-साथ 560 से अधिक रियासतें भी थीं, जिनमें से प्रत्येक के अपने शासक और महत्वाकांक्षाएं थीं। नवस्वतंत्र राष्ट्र ने खुद को एक दोराहे पर पाया। एकता के अभाव में कठोर मेहनत से प्राप्त स्वतंत्रता खोखली होती। ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर एक व्यक्ति ने चुनौती स्वीकार की और वे थे सरदार वल्लभभाई पटेल-देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री।

दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और अदम्य इच्छाशक्ति के साथ उन्होंने इन रियासतों को एक राष्ट्र में मिलाया, जिससे स्वतंत्र भारत को उसका आकार और शक्ति मिली। राष्ट्र को एकीकृत करने वाले इस महान व्यक्तित्व के अद्वितीय प्रयासों को वह मान्यता नहीं मिली, जिसके वे वास्तव में हकदार थे। दशकों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने इस विसंगति को पहचाना और पटेल की विरासत को संरक्षित करने तथा उसका सम्मान करने के लिए निर्णायक कदम उठाए।

नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक यात्रा और शासन के सिद्धांत में सरदार पटेल के प्रभाव साफ दिखते हैं। वे पटेल को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के अपने दृष्टिकोण के पीछे का पथप्रदर्शक मानते हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने सरदार पटेल की विरासत को सार्थक कार्यों के माध्यम से सम्मानित किया। उन्होंने अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक का जीर्णोद्धार कराया तथा उसे एक प्रमुख संग्रहालय और सांस्कृतिक



केंद्र में परिवर्तित किया।

हर साल 31 अक्टूबर को पटेल जयंती पर मोदी ने युवाओं को उनके योगदान के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने शुरू किए। इनमें एकता यात्रा राष्ट्रीय एकत्व की भावना को बढ़ावा देने के एक सशक्त मंच के रूप में उभरी। सरदार पटेल के प्रति मोदी की श्रद्धा के सबसे प्रभावशाली प्रतीक के रूप में गुजरात में नर्मदा नदी के तट पर स्टैच्यू आफ यूनिटी स्थापित हुई। मुख्यमंत्री मोदी द्वारा परिकल्पित और 31 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा अनावृत्त यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। इसकी 182 मीटर की ऊंचाई प्रतीकात्मक रूप से गुजरात के 182 विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती है।

मोदी ने इस प्रतिमा के निर्माण में पूरे देश को शामिल करने के लिए 'लोहा अभियान' शुरू किया, जिसमें देश के छह लाख से अधिक गांवों के किसानों ने लोहे के औजार दान किए। इस अभियान ने राष्ट्रीय एकता की भावना को मूर्त रूप दिया। स्टैच्यू आफ यूनिटी के निर्माण के दौरान प्रारंभिक डिजाइन में सरदार पटेल को कुर्ता-पायजामा पहने दिखाया गया था। मोदी ने इस पर बल दिया कि प्रतिमा में वे धोती पहने हुए हों, जैसे किसान पारंपरिक रूप से पहनते हैं। इससे एक बड़ी चुनौती उत्पन्न हुई, क्योंकि ऊंची प्रतिमाओं का आधार आमतौर पर चौड़ा बनाया जाता है। फिर भी मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि पटेल की पोशाक में कोई बदलाव किए बिना हरसंभव उपाय किए जाएं, क्योंकि उनका मानना था कि सरदार पटेल देश के किसानों के प्रतीक हैं।

सरदार पटेल के अधूरे सपनों में से एक सरदार सरोवर बांध परियोजना मुख्यमंत्री मोदी के प्रयासों से साकार हुई। पटेल इस परियोजना की कल्पना गुजरात की बिजली-पानी संबंधी चुनौतियों के समाधान के रूप में कर रहे थे। दशकों तक बांध की ऊंचाई बढ़ाने के विरोध के कारण यह अपनी पूरी क्षमता हासिल नहीं कर सकी। मुख्यमंत्री मोदी ने इस परियोजना को पूरा करने का संकल्प लिया। इस परियोजना ने गुजरात के बिजली-पानी परिदृश्य में बदलाव लाते हुए लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया।

आज जब मोदी के नेतृत्व में निर्मित नहरों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से नर्मदा का पानी गुजरात के प्रत्येक गांव तक पहुंच रहा है, तो यह उस सपने की पूर्ति के रूप में सामने आता है, जिसकी कल्पना पटेल ने दशकों पहले की थी। सरदार पटेल द्वारा परिकल्पित सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण पूरे भारत में तीर्थस्थलों के विकास के लिए एक मार्गदर्शक माडल बना। मुख्यमंत्री के रूप में मोदी ने सरदार पटेल की ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के लिए कई पहलों का नेतृत्व किया।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**ध्यानाभ्यास हमारी आंतरिक दृष्टि को साफ कर देता है और हम इस इंसानी जीवन के सच्चे उद्देश्य को जान पाते हैं।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बहुध्रुवीय दुनिया में सहयोग ही बचा रास्ता

आज तेजी से बहुध्रुवीय होती दुनिया में वैसे भी किसी देश के लिए यह संभव नहीं है कि वह लंबे समय तक सिर्फ अपने हित में एकतरफा नीतियां लागू करता रहे और उसे दूसरे देशों को मानने पर मजबूर करे। अब आर्थिक से लेकर राजनीतिक स्तर पर शक्ति किसी खास देश में स्थिर या सीमित नहीं है और पिछले दो-तीन दशकों के दौरान विश्व में तेजी से नए ध्रुव खड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में महाशक्ति होने के बावजूद अमेरिका वैश्विक सहयोग और परस्पर निर्भरता के सिद्धांत को अपनी ओर से कुछ समय के लिए टाल भले दे, लेकिन उसे पूरी तरह खारिज नहीं कर सकता।

यही वजह है कि कुछ महीने पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह दूसरे कई देशों से आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने की घोषणा की थी, उस पर उन्हें दोबारा विचार करना पड़ रहा है। एक ओर, भारत ने अपने ऊपर रूस से तेल खरीद पर जुर्माना समेत पचास फीसद तक शुल्क लगाने के बावजूद अपनी नीतियों में कोई बड़ा बदलाव करना जरूरी नहीं समझा, तो दूसरी ओर चीन भी इससे बहुत चिंतित नजर नहीं आया।

अब बीते कुछ दिनों से अमेरिका की ओर से जैसे संकेत आ रहे हैं, उससे साफ है कि शुल्क लगाने को लेकर



उसके रवैये में थोड़ी नरमी आ रही है। दरअसल, दक्षिण कोरिया के बुसान में आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के दौरान गुरुवार को अमेरिका और चीन के राष्ट्रपति के बीच मुलाकात के बाद एक-दूसरे के साथ व्यापार को फिर से पटरी पर लाने पर सहमति बनी। उसके बाद व्यापार युद्ध जैसी स्थिति के खत्म होने की उम्मीद की जा रही है। यों भी, अगर अमेरिका अपने रुख में बदलाव नहीं लाता है, तो व्यापार युद्ध के असर की आंच उस तक भी पहुंच सकती है।

इस क्रम में शी जिनपिंग से बातचीत के बाद ट्रंप ने कहा कि चीन के साथ अब दुर्लभ खनिज के व्यापार का मुद्दा सुलझा लिया गया है। इसके साथ ही अमेरिका की ओर से चीन पर लगाए गए शुल्क में दस फीसद की कमी कर दी गई। बदले में अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने के लिए चीन तैयार हो गया है।

गौरतलब है कि दुनिया भर में करीब सत्तर फीसद दुर्लभ खनिजों का खनन चीन में होता है। यही नहीं, इसके प्रसंस्करण और निर्यात के लिए भी दुनिया की नब्बे फीसद निर्भरता चीन पर है। यानी संभव है कि इस मामले में चीन की मजबूत स्थिति को देखते हुए ही अमेरिका के रुख में बदलाव आया हो।

हालांकि एक दिन पहले ट्रंप ने भारत को लेकर भी पहले के मुकाबले काफी नरम रवैया दर्शाते हुए कहा था कि भारत के साथ अमेरिका व्यापार समझौता कर रहा है। साथ ही, चाबहार बंदरगाह परियोजना पर भी अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट देने की घोषणा सामने आई।

जाहिर है, दूसरे देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित या संचालित करने की कोशिश के बाद अब अमेरिका इस वास्तविकता को स्वीकार करता दिख रहा है कि दुनिया में राजनीतिक से लेकर आर्थिक स्तर पर शक्ति के ध्रुव जिस रफ्तार से बदल रहे हैं, उसमें कोई एक देश अपना वर्चस्व सब पर थोप नहीं सकता। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि परस्पर सहयोग के लिए एकतरफा तौर पर तय की गई कसौटियां दबाव की नीति के तहत बहुत लंबे समय तक संचालित नहीं की जा सकतीं। अपने हित को सुनिश्चित करने के क्रम में किसी दूसरे देश की नीतियों पर असर डालना या उसके स्वतंत्र फैसलों को बाधित करना उचित नहीं है।

# हाथ क्यों मिलाते हैं लोग, चीयर्स करते वक्त क्यों टकराते हैं ग्लास?

जब भी हम किसी से मिलते हैं तो सबसे पहले हाथ मिलाते हैं. भले ही ये चलन विदेशों में शुरू हुआ, भारत में तो प्रणाम करने का चलन था.

**जरा हट के**

पर धीरे-धीरे ये भारत में भी फैल गया. इसके अलावा आपने ये भी गौर किया होगा कि जब लोग शराब पीते हैं तो ग्लास टकराकर चीयर्स बोलते हैं. क्या आप इसके पीछे का कारण जानते हैं? हमारा दावा है कि शायद ही किसी को असल कारण के बारे में मालूम होगा. आज हम आपको बताते हैं.

इंस्टाग्राम यूजर अक्षय दीक्षित एक कंटेंट क्रिएटर हैं जिनके 98 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं. वो अक्सर जानकारी भरे वीडियोज पोस्ट करते हैं. कुछ महीनों पहले ही उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने बताया कि इंसान जो रोजमर्रा की जिंदगी में हाथों से हरकतें करता है, यानी हैंड जेस्चर...उसके मायने क्या होते हैं. इस वीडियो में उन्होंने दो



सबसे रोचक बातें बताईं. एक हैंडशेक यानी हाथ मिलाने से जुड़ी है और दूसरी चीयर्स से जुड़ी है. ये वीडियो वायरल हो रहा है, इसे 5 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं.

**हैंडशेक क्यों करते थे?**

उन्होंने बताया कि हाथ मिलाने की शुरुआत प्राचीन ग्रीस से हुई जहां ढाई हजार साल पहले लोग हाथ मिलाकर ये साबित करते थे कि उनके हाथों में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे वो सामने वाले को नुकसान पहुंचा सकें. वहीं चीयर्स की बात करें तो ये मध्यकाल के दौरान यूरोप में फैला. उस वक्त छल-कपट से दुश्मन को मौत के घाट उतारना, षड्यंत्र रचना काफी आम बात हुआ करती थी. लोग डरते थे कि कहीं उनकी शराब में किसी ने जहर न मिला दिया हो.

इस वजह से जब साथ में बैठे लोग ड्रिंक करते थे, तब वो जोर से अपने ग्लास को एक दूसरे से टकराते थे जिससे दोनों के ग्लास की शराब एक दूसरे में घुल जाए और उन्हें ये यकीन हो जाए कि उनकी शराब में जहर नहीं है.

# बेसन मसूर दाल




रोजाना वही अरहर, मूंग दाल खाकर बोर हो चुके हैं, तो आज हम आपके लिए लेकर आए हैं एक ऐसी जायकेदार दाल, जिसे बनाना तो आसान है ही साथ ही स्वाद भी लाजवाब।

**सामग्री :**

छिलके वाली मसूर दाल- 1 कप, बेसन- 1 बड़ा चम्मच, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच, तेल- 2 बड़े चम्मच, घी- 2 बड़े चम्मच, नमक- स्वादानुसार, टमाटर- 1 बड़े आकार का (प्यूरी किया हुआ), जीरा- 1 छोटा चम्मच, हल्दी पाउडर- 1 छोटा चम्मच, धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच, तेजपत्ता- 1, दालचीनी- 1 छोटा टुकड़ा, लौंग- 2, साबुत लाल मिर्च- 1, बड़ी इलायची- 1, दही- 2 बड़े चम्मच, कसूरी मेथी- 1 छोटा चम्मच, धनिया पत्ती- 1/4 कप कटी हुई।

**विधि :**

दाल को बनाने से पहले 20 मिनट के लिए भिगो दें। कुकर में तेल गर्म करके इसमें तेजपत्ता, लौंग, इलायची, दालचीनी, साबुत लाल मिर्च और जीरा डालकर भूनें।



इसके बाद अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट डालकर खुशबू आने तक भूनें। फिर इसमें बेसन डालें और आंच धीमी कर भूनें। बेसन भूनने के बाद टमाटर की प्यूरी डालें। अब बाकी मसाले डालें साथ ही नमक भी। मसालों को तेल छोड़ने तक पकाएं।

दाल को पानी से निकालकर मसाले में मिक्स करें। धीमी आंच पर एक से दो मिनट भूनें। कसूरी मेथी के साथ दही डालें। सारी चीज़ों को मिला लें।

फिर इसमें तीन कप पानी, थोड़ा सा घी और हरा धनिया डालें और कुकर बंद कर दें। मध्यम आंच पर चार से पांच सीटी आने तक इंतजार करें। कुकर का प्रेशर खुद से रिलीज होने दें। दाल गाढ़ी लगे तो इसमें थोड़ा पानी मिला दें। ऊपर से थोड़ा और घी डालकर रोटी या चावल के साथ परोसें।

# बदलते मौसम और प्रदूषण का 'डबल अटैक'

जैसे-जैसे मौसम बदल रहा है और हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे लोगों की सेहत पर इसका असर साफ दिखने लगा है। राजधानी दिल्ली समेत कई बड़े शहरों के अस्पतालों में इन दिनों खांसी, जुकाम, बुखार और सांस से जुड़ी शिकायतों वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, द्वारका के डॉ. मनीष गर्ग के मुताबिक, मौसम का बदलाव, हवा में मिल रहे हानिकारक कण और वायरल इन्फेक्शन- इन तीनों का एक साथ असर लोगों को बीमार कर रहा है।



## सबसे ज्यादा दिख रहे हैं ये लक्षण

इन दिनों मरीजों में सबसे आम लक्षण हैं- लगातार खांसी, गले में खराश, नाक बंद रहना, हल्का बुखार, शरीर में दर्द, थकान और सांस लेने में दिक्कत। बहुत से लोग इसे सामान्य सर्दी-जुकाम समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन डॉक्टर बता रहे हैं कि यह लक्षण अब पहले की तरह दो-तीन दिन में खत्म नहीं हो रहे, बल्कि 10 से 14 दिन तक बने रहते हैं। खासकर दमा (Asthma), सीओपीडी (COPD) या स्मोकिंग की आदत वाले लोगों में खांसी रात या सुबह के समय बढ़ जाती है, और कभी-कभी घरघराहट या सीने में जकड़न भी महसूस होती है।

## वायरल और प्रदूषण, दोनों का दोहरा असर

इस समय फ्लू, राइनोवायरस और अन्य श्वसन संक्रमण वाले वायरस काफी सक्रिय हैं। इनके कारण बुखार, गले में दर्द, बदन दर्द और तेज थकान जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। सामान्य तौर पर ये संक्रमण हल्के होते हैं, लेकिन जब इन्हें प्रदूषण की हवा मिल जाती है, तो बीमारी ज्यादा परेशान करने लगती है और ठीक होने में लंबा समय लगता है। कई मरीज भूख कम लगने, नींद न आने या बाहर की हवा में निकलते ही सांस फूलने की शिकायत कर रहे हैं। वहीं, कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें बुखार नहीं होता, लेकिन सूखी खांसी, गले में जलन, आंखों में पानी या सिरदर्द जैसी दिक्कतें होती हैं। यह प्रदूषण से होने वाली एलर्जी का संकेत है। हवा में मौजूद PM2.5 और PM10 जैसे महीन कण श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं और सूजन पैदा करते हैं, जिससे वायरल जैसे लक्षण नजर आते हैं।

### सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा...

डॉक्टरों की सलाह है कि इस समय कुछ सरल आदतें अपनाकर हम अपने फेफड़ों की सेहत की रक्षा कर सकते हैं-

- बाहर निकलते समय अच्छी क्वालिटी का N95 मास्क पहनें।
- घर में एयर प्यूरीफायर या पौधों की मदद से हवा साफ रखें।
- पर्याप्त पानी पिएं ताकि शरीर से विषैले तत्व बाहर निकल सकें।
- सुबह या देर शाम टहलने से बचें, जब हवा में प्रदूषण ज़्यादा होता है।
- जिन लोगों को पहले से दमा या सांस की समस्या है, वे अपनी नियमित दवाएं समय पर लें।

## इलाज में हो रही है उलझन

इस समय बड़ी चुनौती यह है कि वायरल और प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के लक्षण बहुत हद तक एक जैसे हैं। कई बार मरीज को वायरल संक्रमण होता है, लेकिन जब बुखार चला जाता है, तो खांसी और गले की तकलीफ प्रदूषण के कारण बनी रहती है। ऐसे में कई लोग खुद से एंटीबायोटिक दवाएं लेना शुरू कर देते हैं, जबकि यह बिल्कुल गलत है। अगर संक्रमण वायरल है, तो एंटीबायोटिक असर नहीं करती और शरीर पर उल्टा बोझ डाल देती है।

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार में वृद्धि होगी। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। प्रमाद से बचें। दूरदर्शिता एवं बुद्धिमानी से कई रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। खर्चों में कमी करना होगी। व्यापार में सही निर्णय नहीं लेने से हानि हो सकती है।

**वृषभ** : राजकीय सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। थकान रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद से बचें। नए कार्यों में लाभ होने की संभावना है। परिवार की तरक्की होगी। आपको अपने कर्म पर विश्वास रखते हुए कार्य करना चाहिए।

**मिथुन** : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। दिन प्रतिकूल रह सकता है। सामाजिक स्तर में परिवर्तन एवं प्रतिष्ठा को लेकर चिंतित रहेंगे। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। अधिक लोभ-लालच न करें।

**कर्क** : शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। थकान रहेगी। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है। माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा। दिन प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। रुका पैसा प्राप्त होने के योग हैं।

**सिंह** : रुके कार्य पूर्ण होंगे। मेहनत सफल रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। बड़े लोगों से भेंट होगी, जिसका लाभ भविष्य में मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। आलस्य से बचकर रहें।

**कन्या** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। जोखिम न लें। आवास संबंधी समस्या रहेगी। रचनात्मक कामों का प्रतिफल मिलेगा। पूर्व में किए गए कार्यों का शुभ फल प्राप्त हो सकेगा। स्वाध्याय में रुचि बढ़ेगी।

**तुला** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता बनी रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। श्रम अधिक करना होगा। आपके कार्यों की समाज एवं परिवार में आलोचना हो सकती है। व्यापार सामान्य चलेगा।

**वृश्चिक** : चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। आर्थिक समस्या रह सकती है। नए कामों में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। खर्च का बोझ बढ़ेगा।

**धनु** : पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबरें मिलेंगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहेगा। आपकी बुद्धिमानी से समस्याओं का समाधान संभव है। सुख-समृद्धि बढ़ेगी।

**मकर** : योजना फलीभूत होगी। घर-बाहर पूछ-परख बढ़ेगी। कार्यसिद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ने से व्यापारिक लाभ अधिक होने के योग हैं। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी एवं लापरवाही से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ।

**कुंभ** : राजकीय सहयोग मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। अध्यात्म में रुचि रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में उचित लाभ हो सकेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। जीवनसाथी की उन्नति सामाजिक सम्मान को बढ़ाएगी।

**मीन** : फालतू खर्च होगा। तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। मित्रों की मदद से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होने के आसार हैं। साझेदारी में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# प्रदूषण की काट हैं ये 3 जड़ी-बूटी!

## सेवन से फेफड़ों पर जमी गंदगी होगी दूर

## बेधड़क चलेंगी सांसें

प्रदूषण की धुंध लगातार बढ़ती ही जा रही है.इससे हमारी सेहत पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है. इसकी वजह से लोगों को सांस की समस्याएं, गले में खराश, आंखों में परेशानी जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. वहीं, इसका सबसे बड़ा प्रभाव फेफड़ों पर पड़ रहा है.

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो, हवाओं में घुलता प्रदूषण का ये जहर फेफड़ों को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचाता है. इससे राहत पाने के लिए लोग कई महंगी दवाओं आदि का सेवन करते हैं. लेकिन, फेफड़ों को हेल्दी रखने में कुछ जड़ी-बूटी अधिक मददगार हो सकती हैं.

## प्रदूषण फेफड़ों पर कैसे करता वार

फेफड़े वातावरण से वायु को खींचकर उससे ऑक्सीजन को छानकर खून के कतरे-कतरे में पहुंचाते हैं. वहीं, शरीर से कार्बनडाइऑक्साइड को बाहर निकालते हैं. अब हवाओं में घुला प्रदूषण तेजी से लंग्स को नुकसान पहुंचाने लगता है. इससे फेफड़ों का काम प्रभावित होने लगता है. इस परेशानी से बचने के लिए तुलसी, त्रिफला और मुलेठी जैसी चीजों का सेवन कर सकते हैं.



## प्रदूषण से फेफड़ों को बचाएंगी ये जड़ी-बूटी

**तुलसी:** तुलसी में भी एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो फेफड़ों को मजबूत कर उनको सक्रिय बनाते हैं. इसका सेवन करने के लिए तुलसी के पत्तों को सुखाकर उसमें कत्था, मेन्थॉल और इलायची को बराबर मात्रा में पीस लें. फिर इसमें एक चम्मच पिसी हुई चीनी मिला लें. इसके बाद दिन में दो बार आधा चम्मच इस मिश्रण के सेवन से फेफड़ों में जमे कफ और गंदगी को साफ किया जा सकता है.

**त्रिफला:** त्रिफला में मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट जैसे एलाजिक एसिड, टैनिन और फ्लेवोन फेफड़ों को मजबूती देकर गंदगी को जड़ से साफ करने में असरदार हैं. फेफड़ों की सफाई के लिए एक लीटर पानी में करीब 100 एमजी त्रिफला को डालकर पानी आधा होने तक उबाल लेंगे. फिर पानी हल्का गुनगुना होने पर सुबह खाली पेट घूंट-घूंट कर इसका सेवन करें.

**मुलेठी:** आयुर्वेद के मुताबिक, मुलेठी अपने मीठे और ठंडे गुणों के कारण श्वसनप्रणाली के संक्रमणों से राहत दिलाने में असरदार है. आप मुलेठी से हर्बल टी बनाकर इसका सेवन कर सकते हैं. वहीं, यदि सांस लेने में परेशानी या सर्दी-खांसी दिक्कत करने लगे, तो मुलेठी की कुछ छड़ियों को पानी में उबाल लें. इसके बाद इस पानी को धीरे-धीरे घूंट-घूंट कर पिएं. आप चाहें तो इस पानी में एक चम्मच शहद भी मिला सकते हैं.

# पपीते के पत्तों से पाएं ग्लोइंग-सॉफ्ट स्किन



पपीते के हरे-हरे पत्ते स्किन के लिए काफ्का फायदेमंद होते हैं. ये चेहरे पर निखार लाने के साथ बज पिगमेंटेशन, ऑयली स्किन आदि समस्याओं को भी दूर कर सकते हैं. कई लोग स्किन ट्रीटमेंट पर हजारों रुपए खर्च कर रहे हैं, लेकिन इस घरेलू नुस्खे से बहुत कम लागत में घर पर आसानी से स्किन केयर हो सकता है.

आयुर्वेद के जानकार वैद्य डॉ. दामोदरप्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि हमारे आस-पास कई ऐसे पेड पाए जाते हैं, जिनका उपयोग त्वचा की समस्याओं को दूर करने के लिए किया जाता रहा है. इन्हीं में से एक है पपीते के पत्ते. पपीते के पत्तों का उपयोग त्वचा को सेहतमंद बनाने में किया जाता है.

पपीते के पत्तों में पाए जाने वाले तत्व स्किन से जुड़ी तकलीफों में कारगर माने जाते हैं. चेहरे पर निखार लाने के लिए अगर पपीते के पत्तों का मास्क बनाकर उपयोग किया जाए तो ये फायदेमंद हो सकता है. ये चेहरे पर निखार लाने में भी सहयक है.

मिक्सी में इसके लिए पपीते के पत्तों को काटकर पानी के साथ मिलाकर ग्राइंड कर लेना चाहिए. इससे ये पत्ते पूरा पेस्ट जैसा बन जाएंगे. इस पेस्ट को छलनी से दबाकर जूस निकाल लें. इस जूस में शहद और बेसन पाउडर को मिलाकर पेस्ट बना लें.

पपीते के पत्तों से बने इस पेस्ट को मास्क की तरह इस्तेमाल कर चेहरे और गले पर लगाकर 20-25 मिनट तक छोड़ दें इसके बाद साफ पानी से मोह धो लें. सप्ताह में इस मास्क को 2 से 3 बार लगाया जा सकता है.

इससे स्किन में निखार आने के साथ ही स्किन सॉफ्ट और चमकदार हो जाएगी. इससे चेहरे पर जमा सारी गंदगी और धूल-मिट्टी आसानी से साफ हो जाएगी. साथ ही त्वचा पर निखार भी बढ़ेगा.

**उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.**

## संक्षेप...

### कोंकण क्षेत्र के 98 दवा विक्रेताओं को नोटिस

**ठाणे.** मध्य प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों मे कफ सिरप से बच्चों की हुई मौत की घटना के बाद अन्न व औषधि प्रशासन (एफडीए) ने कफ सिरप को लेकर सख्त रुख अख्तियार किया है. एफडीए ने कोंकण क्षेत्र के 98 दवा विक्रेताओं (मेडिकल स्टोर) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जो बिना डॉक्टर के पर्चे के कफ सिरप बेच रहे थे. इनमें से 59 मेडिकल स्टोर ठाणे ज़िले के हैं. साथ ही, कफ सिरप के कई नमूने लिए गए हैं और संदेह के आधार पर 19 लाख रुपये से ज़्यादा के कफ सिरप के स्टॉक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है.

खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के अधिकारियों की तरफ से कहा गया है कि इन नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद संबंधित लोगों के ख़िलाफ़ आगे की कार्रवाई की जाएगी. मध्य प्रदेश सहित देश के कुछ राज्यों में ज़हरीले तत्वों से युक्त कफ सिरप के सेवन से कई बच्चों की मौत हो गयी थी.

# चव्हाण ने कहा - महाविकास आघाड़ी के फेक नैरेटिव की साजिश को करें बेनकाब

**मुंबई.** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने कहा कि महाविकास आघाड़ी और मनसे को आगामी निकाय चुनाव में हार का डर सता रहा है। इसलिए महाविकास आघाड़ी साल 2024 के लोकसभा चुनाव की तरह आगामी निकाय चुनाव के मद्देनजर एक बार फिर से फेक नैरेटिव फैलाने की साजिश रच रही है। लेकिन भाजपा के प्रत्येक बूथ स्तर के कार्यकर्ता फेक नैरेटिव की साजिश को बेनकाब करें। शनिवार को भाजपा ने विपक्ष की ओर से निकाले गए मोर्चे के विरोध में गिरगांव चौपाटी पर मूक आंदोलन



किया। इस मौके पर चव्हाण ने कहा कि महाविकास आघाड़ी अराजकता फैलाकर राज्य को पीछे धकेलने का प्रयास कर रही है। विदेशी ताकतों और एनजीओ के फंड के जरिए जनता को भ्रमित कर अस्थिरता फैलाने की कोशिश की जा रही है। ठाकरे भाईयों ने महाराष्ट्र को सबसे बुरे दिन दिखाए हैं। वहीं मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने कहा कि विपक्ष अब फैशन स्ट्रीट पर असत्य का तमाशा खड़ा किया है। लेकिन जनता ने आगामी निकाय चुनाव में महाविकास आघाड़ी और मनसे को घर का रास्ता दिखाएगी।

# 400 बोतल अवैध कफ सिरप रखने के आरोप में गिरफ्तार

**कल्याण :** ठाणे स्थित ज़ोन 3 डीसीपी कार्यालय की एक पुलिस टीम ने कल्याण निवासी एक 33 वर्षीय व्यक्ति को 400 बोतल अवैध कफ सिरप रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेज (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत चार महीने पहले किए गए इसी तरह के एक अपराध के लिए हाल ही में जमानत पर रिहा हुए आरोपी को नियमित गश्त के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ के साथ पकड़ा गया।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ज़ोन 3 कार्यालय की एक पुलिस टीम ने कल्याण में एक 33 वर्षीय व्यक्ति को 300 बोतल अवैध कफ सिरप रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। 1 नवंबर 2025 को भारत में शनिवार की तस्वीर - कप्तान माली द्वारा कहानी आरोपी की पहचान मोहम्मद मताब अनीस के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, विशेष दस्ते ने कल्याण (पश्चिम) स्थित फोर्टिस अस्पताल के पास मोटरसाइकिल पर सवार अनीस को संदिग्ध व्यवहार करते देखा। घेराबंदी करने पर, टीम ने उसके पास से कोरेक्स सिरप की लगभग 400 बोतलें बरामद कीं। कोरेक्स में कोडीन फॉस्फेट होता है, जो एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक नियंत्रित पदार्थ है। जब्त की गई बोतलों की अनुमानित कीमत 4 लाख है। कोडीन-आधारित सिरप केवल डॉक्टर के पर्चे पर ही उपलब्ध होते हैं, लेकिन अक्सर इनके नशीले प्रभावों के कारण इनका दुरुपयोग किया जाता है। पुलिस प्रतिबंधित पदार्थ के स्रोत और उसके संभावित प्राप्तकर्ता की जाँच कर रही है।

विशेष दस्ते के सहायक पुलिस निरीक्षक अनिल गायकवाड़ ने बताया कि कल्याण के बाजारपेठ पुलिस थाने ने अनीस के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8(सी) (किसी भी मादक पदार्थ का उत्पादन, निर्माण, कब्ज़ा, बिक्री, खरीद आदि) और धारा 22(बी)(सी) (व्यावसायिक मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ रखना) के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा, आरोपी को कल्याण न्यायालय में पेश किया गया और उसे 4 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# 5.3 करोड़ की ठगी का शिकार महिला ने कर ली आत्महत्या

**मुंबई.** एक और दुखद मामले में, एक डिजिटल स्कैमर धोखाधड़ी ने अपने शिकार को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। जब एक 36 वर्षीय महिला को दो वर्षों में 5.3 करोड़ से अधिक की ठगी का शिकार होना पड़ा, तो महीनों के आर्थिक और मानसिक दबाव ने उसे अपनी जान लेने पर मजबूर कर दिया। आखिरकार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और उसके खातों से जुड़े धन के लेन-देन और लेन-देन की पुष्टि कर रही है। जब एक 36 वर्षीय महिला को दो वर्षों में 5.3 करोड़ से अधिक की ठगी का शिकार होना पड़ा, तो महीनों के आर्थिक और मानसिक दबाव ने उसे अपनी जान लेने पर मजबूर कर दिया। पनवेल सिटी पुलिस के अनुसार, धोखाधड़ी 16 जुलाई, 2023 को शुरू हुई, जब गुजरात के सुरेंद्रनगर निवासी रवि हरेशभाई भड़क नामक आरोपी ने मृतक पीड़िता से संपर्क किया।

8 अक्टूबर को, महिला के पिता, जो खारघर के 65 वर्षीय निवासी हैं, ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी बेटी ने न्यू पनवेल स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली है। पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने परिवार से यह दावा करते हुए संपर्क किया था कि वह उन्हें विदेशी मुद्रा व्यापार में निवेश से अच्छा मुनाफा कमाने में मदद कर सकता है। पुलिस के अनुसार, पहले तो आरोपी ने छोटे निवेशों पर समय पर रिटर्न का लालच देकर परिवार का विश्वास जीता। फिर उसने उन्हें बड़ी रकम निवेश करने के लिए उकसाया और उनसे कुल 5.3 करोड़ ऐंठ लिए।

पिता ने पुलिस को बताया कि धोखेबाज़ ने उनकी बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, उस पर दबाव डाला और बार-बार उससे अपने और अन्य खातों में पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा। पुलिस ने कहा कि पैसे ट्रांसफर होने के बाद, आरोपी ने कोई रिटर्न देना बंद कर दिया और इसके बजाय पीड़िता से और पैसे की माँग करने लगा। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, लगातार उत्पीड़न और विश्वासघात ने उनकी बेटी को गंभीर संकट में डाल दिया, जिससे अंततः उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि उन्होंने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 और अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## 16.5 लाख रुपये का प्रतिबंधित गुटखा जब्त

**ठाणे.** कासारवडवली पुलिस ने नागलाबंदर इलाके में एक टेंपो में कपड़े के बंडलों में छिपाकर रखे गए 16.5 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित गुटखा एवं अन्य तंबाकू उत्पाद जब्त किए हैं. पुलिस ने इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. बताया गया कि पुलिस ने अलसुबह घोड़बंदर रोड पर नागला बंदर के पास एक टेंपो को संदिग्ध रूप से गुजरते देखा और उसे निरीक्षण के लिए रोक लिया. जब टेंपो के बारे में पूछताछ की गई, तो चालक ने अस्पष्ट जवाब दिए.

### 99 वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष

# विश्वास पाटिल का हुआ नागरिक सम्मान

**ठाणे।** मराठी भाषा ऐसे दौर से गुज़र रही है जब हमारा साहित्य और संस्कृति कभी खतरे में नहीं पड़ी, इसलिए हमें अपनी मराठी भाषा का ध्यान रखना चाहिए और उसे संजोना चाहिए। भाषा बचेगी, तभी संस्कृति बचेगी। इसके लिए हमें अपनी मराठी भाषा, मराठी विद्यालय, मराठी साहित्य को बचाने के लिए संघर्ष करना होगा। इसके लिए महाराष्ट्र के सभी तहसीलों में जनभागीदारी से कम से कम दो-तीन मराठी भवन बनाए जाने चाहिए। यह बात आज ठाणे में सातारा में आयोजित होने वाले 99वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के निर्धारित अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार विश्वास पाटिल ने कही।मनपा की ओर से 99वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के नियुक्त अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार विश्वास पाटिल का स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में मनपा के




अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया।वह अभिनंदन समारोह में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बोल रहे थे। कार्यक्रम में राज्य साहित्य एवं संस्कृति परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप धवल, वरिष्ठ कवि अशोक बागवे, सतीश सोलंकुरकर, अभिनेता सागर तलनाकर, कवि दुर्गेश सोनार, वरिष्ठ अभिनेता नारायण जाधव, संवेदना प्रकाशन के नितिन हिरवे और ठाणे के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बिजली का करंट लगने से बंदर जख्मी

**ठाणे.** शहर के टिकुजीनी वाडी वाटर पार्क के पास रविवार को दोपहर महावितरण के ओवरहेड तार से करंट लगने के कारण एक बंदर घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए पशु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है.

मनपा के आपदा प्रबंधन कक्ष से मिली कंकरी के मुताबिक लगभग डेढ़ बजे बंदर को करंट लगने की शिकायत मिली. जिसके बाद बालकुम फायर स्टेशन के स्टेशन अधिकारी वैती, वाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन (डब्ल्यूडब्ल्यूए) के कर्मचारी, वन विभाग के कर्मचारी, महावितरण के कर्मचारी, आपदा प्रबंधन कक्ष के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे. घटनास्थल पर एक पेड़ पर बैठे घायल बंदर को वाइल्डलाइफ वेलफेयर एसोसिएशन के कर्मचारियों की मदद से बचाया गया. बंदर घायल था, इसलिए वन विभाग के कर्मचारियों ने उसे उपचार के लिए सीपीसीए पशु चिकित्सालय में भर्ती कराया.

# खाटू श्याम जन्मोत्सव में उमड़ा भक्तों का सैलाब

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** कामतघर स्थित ठाकरचा पाड़ा गांव खाटूश्याम बाबा के जन्मोत्सव खाटू श्याम मंदिर में भक्तिमय माहौल में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया. बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. रात 12 बजे से ही ताड़ाली पाईप लाईन से खाटू श्याम मंदिर तक भक्तों का कारवां लगा रहा.कलयुग के अवतारी और तीन बाणधारी बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर देशभर से श्रद्धालु 'हैप्पी बर्थडे बाबा श्याम' के जयकारों के साथ खाटू श्याम मंदिर पहुंचे.भक्तों की आस्था ऐसी कि अंधेरी रात में भी अंजूर फाटा, कामतघर



क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से खाटू श्याम मंदिर तक की दूरी यातायात जाम लग जाने से करीब एक किलोमीटर यात्रा पैदल तय की.भारी तादाद में श्रद्धालुओं के यहां आने की जानकारी के बावजूद उत्पन्न हुई अव्यवस्था से प्रशासन की तैयारियों की पोल खुल गई.लाइट व्यवस्था नहीं होने से भक्त वाहनों से यात्रा पूरी करते नजर आए.कामतघर में भारी संख्या में भक्तों ने निशान यात्रा निकाली. जनकल्याण चेरिटेबल ट्रस्ट एवं दत्त कृपा मित्र मंडल द्वारा फल,राम दाना लड्डू, साबूदाना खीर, दूध, लस्सी, का आए हुए सभी भक्तों को वितरण किया गया.खाटू श्याम मंदिर से जुड़े प्रमुख महेंद्र अग्रवाल, पूर्व नगर सेवक, श्याम अग्रवाल, समाजसेवक, साईनाथ चौधरी, जन कल्याण चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष मंगेश यादव, दत्त कृपा मित्र मंडल के सुनिल गुप्ता, मदन केशरवानी, सतीश केशरवानी, श्यामलाल केशरवानी, साहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया.

## मासूम बच्चियों का यौन उत्पीड़न : शिक्षक को 3 साल की सजा

**ठाणे.** ठाणे की अदालत ने 6 साल पहले तीन मासूम बच्चियों का यौन शोषण किए जाने के मामले में आरोपी ट्यूशन शिक्षक को तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. अदालत ने अपनी टिप्पणी मे कहा है कि यह कृत्य निंदनीय है और ऐसे मामलों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई करने वालीं विशेष न्यायाधीश रूबी यू. मालवंकर ने 35 वर्षीय आरोपी पर 15,000 रुपये जुर्माना भी लगाया. 31 अक्टूबर को पारित आदेश की प्रति रविवार को उपलब्ध कराई गई.

# 'रन फॉर यूनिटी' से दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

### SST कॉलेज और विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन का संयुक्त उपक्रम

**उल्हासनगर.** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में एस. एस. टी. कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई तथा विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के संयुक्त तत्वावधान में "रन फॉर यूनिटी" कार्यक्रम के अंतर्गत पाँच किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता आज बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले




सभी खिलाड़ियों, स्वयंसेवकों, पुलिस विभाग के अधिकारियों तथा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की विविधता में एकता का संदेश देना और सरदार पटेल के "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के विचारों को आगे बढ़ाना था। इस अवसर पर विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री अशोक कोळी तथा ट्रैफिक विभाग के पुलिस निरीक्षक श्री अनिल पडवळ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस उपक्रम का संयोजन एन. एस. एस. ठाणे जिला समन्वयक एवं एस. एस. टी. कॉलेज के उप-प्राचार्य प्रो. जीवन विचारे ने कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी के मार्गदर्शन में किया। इस दौरान विभागीय समन्वयक डॉ. संदेश जायभाय, प्रो. नीरज मिश्रा तथा एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर विद्यार्थियों में देशभक्ति, सामाजिक एकता और शारीरिक तंदुरुस्ती के महत्त्व पर जोर दिया गया। "रन फॉर यूनिटी" जैसे उपक्रमों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रीय एकता और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश प्रसारित करने का प्रयास इस कार्यक्रम के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभागीय समन्वयक प्रो. नीरज मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मयूर माथुर, प्रो. नम्रता सिंह, प्रो. स्नेहा गुप्ता, प्रो. दुबे, प्रो. मुकेश अमृतकर, प्रो. नितिन पाटिल, पुलिस हवलदार चेतन खांबेकर, श्री शिर्के तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।


## PUBLIC NOTICE

NOTICE IS HEREBY GIVEN TO THE GENERAL PUBLIC at large that my client Shri Manoj Anand Sonesar, is the sole and absolute owner of Shops No. 4 to 12 (Total 9 Shops) on Ground floor situated in Skyline Co-operative Housing Society Ltd. Plot No. 587, Section-7-B, Near Madhuban Hotel, Hassanand Pamnani Marg, Ulhasnagar-1, bearing Registration No. TNA/ULR/HSG/TC/771/89-90.

Some persons have made false, forged and fabricated documents to usurp the said property (9 shops) of my client. A Special Civil Suit No. 143/2012 is filed by my client in Civil Judge (S.D) Court- Kalyan against 19 Defendants who are involved in making false, forged and fabricated documents.

Spl. Civil Suit No. 143/2012 is still pending in the Court of Civil Judge (S.D)- Kalyan against 19 persons for claiming the relief mentioned in the said suit.

The Notice is given to the General Public at large that NO PERSON SHOULD DEAL OR ENTER INTO ANY NEGOTIATION OR AGREEMENT FOR REDEVELOPMENT OR SALE OR MORTGAGE OR LEASE etc in respect of the above 9 shops with the Skyline Co.op. Hsg. Society Ltd. Or with any of its office bearer till the pendency of Spl. Civil Suit No. 143/2012 pending in Court of Civil Judge (S.D)-Kalyan.

General Public is hereby also warned that inspite of this notice if any person deals with or enter into any negotiation or Agreement for Redevelopment or Sale or Mortgage etc in respect of the above 9 shops bearing Shop No. 4 to 12 in Ground Floor of Skyline Co.op. Hsg. Society Ltd, Ulhasnagar-1 during the pendency of Spl, Suit No. 143/2012 shall be doing so at his/her own risk, cost and peril and same shall not be binding on my client. My client shall be compelled to take legal action against the person doing so holding him/her responsible for all the costs and consequences thereof.

SD/-
**N.C. SAINI**
ADVOCATE HIGH COURT
Block No.C-533-1066, Near Venus Talkies,
Ulhasnagar-421004 Dist. Thane.
Mobile No. 8850671907

SD/-
**Manoj Anand Sonesar**


# कियारा करेंगी बायोपिक में मीना कुमारी का रोल

**बॉ**लीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी को बायोपिक फिल्म 'कमाल और मीना' में मीना कुमारी के रोल के लिए फाइनल किया गया है। बॉलीवुड की ट्रैजिडी क्वीन के नाम से मशहूर एक्ट्रेस मीना कुमारी की बायोपिक फिल्म बीते काफी वक्त से चर्चा का विषय बनी हुई थी। दिवंगत एक्ट्रेस मीना कुमारी की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी। फिल्म से जुड़ी अन्य डिटेल्स का फैन्स को बेसब्री से इंतजार है।



### मां बनने के बाद होगा पहला प्रोजेक्ट

मिड डे की एक रिपोर्ट के मुताबिक कियारा आडवाणी को इस फिल्म के लिए फाइनल किए जाने से पहले कई महीने तक मेकर्स उनके साथ बातचीत करते रहे। जुलाई में एक्ट्रेस के मां बनने के बाद यह उनका पहला प्रोजेक्ट होगा। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने मिड-डे को बताया, ₹कियारा के तौर पर डायरेक्टर को एक ऐसी एक्ट्रेस मिल गई हैं जो मीना कुमारी की जिंदगी को दिखाने के लिए जरूरी शालीनता और इमोशनल डेप्थ पैदा कर सकती हैं।₹

मीना कुमारी के किरदार को निभाने के कियारा आडवाणी अगले महीने से ही तैयारी शुरू कर देंगी। कियारा आडवाणी उर्दू सीखेंगी और मीना कुमारी की अदाकारी और उनके हावभाव को समझने के लिए उनकी पुरानी फिल्में और इंटरव्यू देखेंगी।

# भिवंडी में रन फॉर युनिटी का सफल आयोजन

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** पुलिस उपायुक्त परिमंडल-2, भिवंडीऔर शांतिनगर पुलिस स्टेशन, भिवंडी की तरफ से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया.यह एकता दौड़ राजनोली नाका से शुरू होकर फ्लोरा होटल से साईंबाबा मंदिर भादवड़ नाका होते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज क्रीडांगन भादवड़ गाँव में समाप्त




हुई. इस स्थान पर वार्मअप करने के बाद, प्रथम तीन और कुछ सदस्यों को प्रशंसापत्र देकर गौरव करने के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया. एकता दौड़ में डीसीपी भिवंडी शशिकांत बोराटे के साथ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक गायकवाड, पुलिस निरीक्षक पाटिल (प्रशासन), पुलिस निरीक्षक अदुरकर (क्राइम) के साथ-साथ पुलिस स्टेशन क्षेत्र के नागरिक, पुलिस मित्र, शांति समिति के सदस्य और पुलिस स्टेशन के अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए.









यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099